# ई–निविदा संख्या–129/2023–24

## निविदादाता को ई–निविदा प्रपत्र भरनें हेतु नियम एवं आवश्यक दिशा निर्देश

**निविदाकार को वेबसाइट पर डाले गये निविदा प्रपत्र को पूर्ण रूप से भरना अनिवार्य होगा तथा समस्त प्रपत्रो की स्वप्रमाणित प्रति स्कैन कर आनलाईन अपलोड करना अनिवार्य होगा। निविदा प्रपत्र दो भागो में अपलोड कराना होगा।**

1. निविदा प्रपत्र शुल्क रूपया 1180.00 (अदेय) तथा धरोहर धनराशि रूपया 4800.00 "Superintending Engineer, Electricity Urban Distribution Circle, Muzaffarangar" के नामे Punjab National Bank, Shiv Chowk, Muzaffarangar के बैंक खाता संख्या–0332002100036077, IFSC Code - PUNB0033200 में आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी0 के माध्यम से अलग–अलग जमा कर साक्ष्य के रूप में यू0टी0आर0 संख्या, पे–इन–स्लिप की प्रति (इश्यूइंग बैंक के कन्फरमेशन मेल की प्रति) ई–टेण्डर के प्रपत्रों के साथ आन–लाईन अपलोड करना होगा। उक्त जमा धनराशि की बैंक खाते से पुष्टि कर निविदा के सम्बन्ध में अग्रेतर कार्यवाही किया जायेगा।
2. प्रपत्र भाग दो में सिर्फ निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न BOQ/Price Bid में दर अपलोड करना होगी।
3. निविदाकार के पास विद्युत सुरक्षा निदेशालय द्वारा जारी 'ए' स्तर का नवीनतम एवं वैध प्रमाण पत्र होना आवश्यक है जिसे निविदा के प्रथम भाग में संलग्न करना होगा।
4. फर्म के स्वामी को कम से कम रू0 1,19,000.00 का बैंक द्वारा निर्गत Solvency Certificate निविदा के प्रथम भाग में संलग्न करना होगा एवं Solvency Certificate के निर्गत की तिथि निविदा खुलने की दिनांक से 01 वर्ष पूर्व से अधिक नहीं होनी चाहिए।
5. फर्म स्वामी का जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्गत नवीनतम एवं वैध चरित्र प्रमाण पत्र की प्रति ई–निविदा के प्रथम भाग में संलग्न करनी होगी।
6. निविदादाता द्वारा इस आशय का शपथ पत्र ई–निविदा के प्रथम भाग में संलग्न करना होगा कि उसकी फर्म को उ0प्र0पा0का0लि0 के अन्तर्गत किसी भी डिस्कॉम में काली सूची में नहीं डाला गया है।
7. निविदादाता को बोली खोलने की तिथि से पिछले 03 वित्तीय वर्षों में मुख्य ठेकेदार के रूप में निम्नलिखित प्रकृति का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण करने का प्रमाण पत्र एवं सम्बन्धित अनुबन्ध प्रपत्र की छायाप्रति ई–निविदा के प्रथम भाग में संलग्न किया जाना अनिवार्य हैं :–

   (अ) समान या उच्च प्रकृति के 01 कार्य को सफलतापूर्वक पूर्ण करना जिसका न्यूनतम मूल्य वर्तमान निविदा की अनुमानित लागत का 80 प्रतिशत होना चाहिए।

   या

   (ब) समान या उच्च प्रकृति के 02 कार्य को सफलतापूर्वक पूर्ण करना जिसका न्यूनतम मूल्य वर्तमान निविदा की अनुमानित लागत से प्रत्येक का न्यूनतम 50 प्रतिशत होना चाहिए।

   या

   स) समान या उच्च प्रकृति के 03 कार्य को सफलतापूर्वक पूर्ण करना जिसका न्यूनतम मूल्य वर्तमान निविदा की अनुमानित लागत से प्रत्येक का न्यूनतम 40 प्रतिशत होना चाहिए।
8. पैन कार्ड की छायाप्रति, आधार कार्ड की छायाप्रति एवं जी0एस0टी0 पंजीकरण (With Active Status) की छायाप्रति निविदा के प्रथम भाग में संलग्न करना आवश्यक हैं।
9. निविदा प्रपत्रों के साथ उपलब्ध Declaration (Annexure-III) निविदाकार द्वारा संलग्न किया जाना आवश्यक होगा (Must be executed on a non-judicial stamp paper)
10. निविदाकार के पास विगत 05 वित्तीय वर्षों में से 03 श्रेष्ठ वर्षों का औसत टर्नओवर रू0 07.14 लाख से कम नहीं होनी चाहिए जिसके लिए सी0ए0 द्वारा सत्यापित (सी0ए0 के यू0डी0आई0एन0 अंकित होना चाहिए) प्रोफिट एवं लॉस एकाउन्ट, बैलेन्स शीट या टर्नओवर सर्टीफिकेट की छायाप्रति ई–निविदा के प्रथम भाग में संलग्न करनी आवश्यक है।
11. प्रथम न्यूनतम निविदाकर्ता से अनुबन्ध के समय कार्यादेश धनराशि का 10 प्रतिशत परफोमेन्स बैंक गारन्टी ली जायेगी जिसकी वैधता अनुबन्ध में शत प्रतिशत कार्य पूर्ण अवधि अथवा 01 वर्ष (जो भी अधिक हो) होगा तथा क्लेम पीरियड 3 माह होगा।

**(बीरेन्द्र कुमार)**
**अधीक्षण अभियन्ता**
**विद्युत नगरीय वितरण मण्डल**
**मुजफ्फरनगर।**
**सैप आई0डी0 11005693**